हिन्दी साप्ताहिक

RNI No. UPHIN/2011/43668

# जनवीणा

WWW.JANVEENA.COM

स्वर जन-मन का...

वर्ष : 13 | अंक : 23 | लखनऊ, 21 मई, 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रूपये

## 400 पार की बात पर कांग्रेस को आने लगते हैं चक्कर: योगी

### मुख्यमंत्री ने हरियाणा में सिरसा की अनाज मंडी में की जनसभा, भाजपा तुष्टीकरण नहीं संतुष्टीकरण पर करती है काम

लखनऊ ( यूएनएस )। देश में चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। उस दौरान पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो लहर चली थी, वह आज पांचवे चरण में सुनामी बन चुकी है। पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार।

जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस को चक्कर आने लगते हैं क्योंकि वह 400 सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही है। ऐसे में वह जीतेगी कैसे। देश की जनता जनार्दन अब कांग्रेस को एक जवाब दे रही है कि जो जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली क्योंकि हम नये भारत के नागरिक हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं, जो दुनिया के लिए असंभव है। वहीं जो कांग्रेस के लिए असंभव था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभव करके दिखाया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हरियाणा में सिरसा की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी अशोक तंवर के पक्ष में वोट की अपील की।मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के तहत काम कर रही है। हम तुष्टीकरण नहीं बल्कि संतुष्टीकरण पर काम कर रहे हैं। वहीं इंडी गठबंधन के लोग सुबह से लेकर शाम तक झूठ और अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनके पास जब सत्ता तो देशवासियों के लिये कोई काम किया नहीं और अब हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा आ गयी है। यह कहते हैं कि सत्ता में आए तो आपकी संपत्ति का सर्वे कराएंगे। उसके बाद उस पर विरासत टैक्स लगाएंगे यानी यह औरंगजेब का जजिया कर लगाएंगे, जिस हम आप कभी होने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में रामलला अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं और देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में इन्हे अब किसी भी जन्म में सत्ता नहीं मिलने वाली है क्योंकि यह चुनाव राम भक्त और रामद्रोहियों के बीच में हो गया है। कांग्रेस ने भारत की विरासत का विरोध किया है। ऐसे में इनको अब सत्ता कभी भी नहीं मिल सकती है। कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इन्हे सत्ता पर काबिज होने की इतनी जल्दी थी कि यह करतारपुर साहिब को ही भूल गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही करतारपुर का गलियारा के निर्माण को आगे बढ़ाया। इसके साथ ही गुरु नानक देव की पावन धरा को भी भारत का हिस्सा बनाने के कार्य को आगे बढ़ाया।

उन्होंने सरहिंद के लिये अपने आप को बलिदान करने वाले गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों के नाम पर 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज देश बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में भारत की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर संत सौंदर्य नाथ, महंत केशव नाथ, सांसद सुनीता दुग्गल, राज्यसभा के सांसद सुभाष बराला, विधायक गोपाल कांडा, लक्ष्मण नापा, जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल, लोकसभा संयोजक आदित्य चौटाला आदि उपस्थिति थे।

## पेड़ से लटका मिला नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक नाबालिग लड़के और लड़की का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, ऐसी आशंका है कि प्रेम संबंध में दोनों ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धंधापुर गांव में नदी के किनारे एक पेड़ पर 15 वर्षीय लड़की और 17 वर्षीय लड़के का शव लटका हुआ मिला। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को रविवार दोपहर घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस के एक दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

## बीजद सरकार ने ओडिशा को बर्बाद किया:पीएम मोदी

कटक। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने सोमवार को ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल ( बीजद ) सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि माफिया राज और भ्रष्टाचार ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया। पीएम मोदी ने ओडिशा में अपने तीसरे दौर के चुनाव प्रचार के दौरान कटक के प्रसिद्ध बाली यात्रा मैदान में विजय संकल्प समावेश को संबोधित करते हुए कहा कि अपने 25 साल के शासन के दौरान बीजद ने केवल कोयला माफिया, रेत माफिया और खनन माफिया को बढ़ावा दिया है, जिससे राज्य की बर्बादी हुई है।

उन्होंने लोगों से राज्य के विकास के लिए धीमी गति से चलने वाली बीजद सरकार को त्यागने और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की तेज गति वाली डबल इंजन सरकार को चुनने का आग्रह किया।



प्रधानमंत्री ने बीजद सरकार पर चिटफंड घोटाले के जरिए प्रदेश के गरीब लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया, जहां चिटफंड कंपनियों ने निवेशकों से करोड़ों रुपये लूटे। उन्होंने कहा कि बीजद के मंत्रियों और विधायकों के लगातार भ्रष्टाचार में लगे रहने के कारण लोगों में आक्रोश है। पीएम मोदी ने दावा किया कि जब से भाजपा सरकार केंद्र में सत्ता में आई है, उसने ओडिशा को कांग्रेस शासन के दौरान मिलने वाली धनराशि से तीन गुना अधिक धनराशि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खनन कर के अपने हिस्से के रूप में 50,000 करोड़ रुपये दिये हैं, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान यह 5,000 करोड़ रुपये था। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने खनन क्षेत्रों में गरीबों के लिए विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए जिला खनिज निधि से 26,000 करोड़ रुपये प्रदान किए।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भ्रष्ट बीजद सरकार ने इन फंडों को लूट लिया और परियोजनाओं को आगे बढ़ने से रोका। पीएम मोदी ने जोर दिया केंद्र सरकार ने विभिन्न सड़क और रेलवे परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण धन मुहैया कराया, लेकिन बीजद सरकार ने इन परियोजनाओं में तब तक देरी की जब तक उन्हें कट या कमीशन नहीं मिल गया। उन्होंने बीजद सरकार पर करीबी सहयोगियों को नौकरी के ठेके देने और पैसे का गबन करने का आरोप लगाया।

## राहुल गांधी ने किया हनुमान मंदिर का दर्शन

रायबरेली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार राहुल गांधी ने सोमवार को यहां जिले के चुरुआ में हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में बछरावां के निकट चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया। पूजा कराने वाले पुजारी ने राहुल के साथ सेल्फी ली। राहुल रायबरेली के बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से मिले। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मतदाताओं से मिलते हुए उनका वीडियो साझा किया और कहा बछरावां में बूथ कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी मिले और आज रायबरेली में वह मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

### अनुमानों पर मुहर लगाएगा 5वें चरण का मतदान

कई लोग मानते हैं कि लोकसभा के लिये सोमवार को होने जा रहा 5वें चरण का मतदान, इसके बाद शेष दो और चरणों के साथ खानापूरी बनकर रह गया है। ऐसा मानने वाले कहते हैं कि पहले चार चरणों में ही फैसला हो चुका है। अब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षक, विश्लेषक एवं तमाम तरह के सर्वेक्षण कह रहे हैं कि भाजपा को संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया न केवल मजबूत टक्कर दे रहा है बल्कि उसकी ऐसी बढ़त भी बन चुकी है जिससे आगे निकलना भाजपा के लिये अब मुमकिन नहीं रहा। ये अनुमान कितने सही निकलते हैं, यह तो 4 जून को देखने की बात होगी, पर यदि 5वें दौर के मतदान की बात करें तो उनमें ऐसे राज्य व सीटें हैं जिन पर भाजपा कमजोर नजर आ रही है। यदि पहले के मतदान के चक्रों के अनुमान सही हैं तो 5वां चरण इंडिया की जीत पर मुहर लगाने वाला साबित हो सकता है। 8 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को जो मतदान होने जा रहा है, उनमें राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी आदि समेत 695 उम्मीदवारों का भविष्य तय होगा। 379 सीटों पर चार चरणों के मतदान के जरिये चुनाव हो चुके हैं। इस पांचवे चरण के साथ ही कुल 418 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो जायेगा। बची रहेंगी 125 सीटें जिन पर बचे दो चरणों में मतदान होगा। सोमवार को किनकी किस्मतें ईवीएम में बंद होंगी, इससे कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि जिन राज्यों में मतदान होगा, वे निर्णायक सिद्ध होने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों के मतदान पर सभी का ध्यान केन्द्रित है क्योंकि यह माना जाता है कि ये तीनों राज्य ऐसे हैं जो बिहार के साथ इस चुनाव में बड़ा उलटफेर करेंगे। इस चुनाव के शुरू होने के पहले तक उप्र को भाजपा का गढ़ माना जाता था क्योंकि 2019 में यहां से उसे 80 में 62 सीटें मिली थीं। अब स्थिति वैसी नहीं रही। यहां कांग्रेस व समाजवादी पार्टी का गठबन्धन है जो काफी प्रभावशाली है। कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका एवं सपा के अखिलेश यादव की ओर युवा, छात्र, महिलाएं, अल्पसंख्यक, पिछड़े आदि वर्ग बहुत आकर्षित हुए हैं। 30 लाख लोगों को रोजगार देने, अग्निपथ योजना को रद्द करने, पेपर लीक हमेशा के लिये बन्द करने जैसे आश्वासन युवाओं–छात्राओं को इंडिया की ओर मोड़ रहे हैं। यहां एक राजनीतिक फैक्टर भी काम कर रहा है। चर्चा है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैसे ही हटाया जायेगा जैसे राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को दरकिनार किया गया था। कहा जाता है कि योगी एवं उनके समर्थक इस बात को भांप गये हैं। चूंकि आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिये मोदी का प्रतिस्पर्धी माना जाता है इसलिये बड़ी बात नहीं कि मोदी यहां बहुमत न पायें। इसके लिये वहां भाजपा भितरघात कर दे। इसलिये कहा जाता है कि भाजपा यहां गहरे संकटों में है। अखिलेश तो यहां तक कहते हैं कि पूरे प्रदेश में इंडिया 79 सीटें जीत रहा है। उनके अनुसार क्योटो ( वाराणसी ) की सीट भी फंसी पड़ी है जहां से मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में भी मुकाबला कांटे का है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे एवं नेशनल कांग्रेस पार्टी के शरद पवार के पक्ष में पूरे राज्य में जबर्दस्त लहर है, जो उनके प्रति सहानुभूति उत्पन्न होने के कारण बनी है। यहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही सरकार को केन्द्र सरकार के इशारे पर शिवसेना व एनसीपी के लोगों को तोड़कर गिराया गया था। उद्धव ठाकरे गुट व एनसीपी के पवार गुट को ही यहां की जनता असली मानती है। यहां भाजपा व उसके एनडीए के सहयोगी शिवसेना ( एकनाथ शिंदे गुट ) व एनसीपी ( अजित पवार गुट ) की कई सीटें फंसी हुई बतलाई जाती हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में यहां कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार गुट की एनसीपी को मिलकर बनी महाविकास आघाड़ी को सीटें जा रही हैं। सभी की दिलचस्पी का एक और राज्य है पश्चिम बंगाल। यहां मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कड़ा मुकाबला देने की तैयारी की है। इसी प्रकार बिहार में नीतीश कुमार द्वारा करीब चार माह पूर्व इंडिया को छोड़कर एनडीए का हाथ थामा गया था। उससे लोग अब भी नाराज हैं। यहां राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, जो नीतीश कुमार के जनता दल ( यूनाइटेड ) के साथ मिलकर 17 माह सरकार चला चुके थे, बेहद लोकप्रिय हैं क्योंकि उस दौरान उनके द्वारा बड़ी संख्या में पक्की सरकारी नौकरियां बांटी गई थीं। उसका अच्छा असर जनता पर पड़ा है। वे इस समय युवाओं के हीरो बन गये हैं।

# अब तो मोदी जी भी मीडिया की बेइज्जती करने लगे!

अमन

मीडिया कुछ तो ठिकाने आया है। 4 जून को नतीजा चाहे जो हो मीडिया को लगने लगा है कि गुलामी में उसकी इज्जत दो कौड़ी की हो गई है। चुनाव का समय है, न चाहते हुए भी जनता के बीच जाना पड़ता है और वहां जिस तरह दुत्कारा जा रहा है वह सहन करना आसान नहीं है। बेइज्जती तो प्रधानमंत्री भी कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह तो धमका ही देते हैं मगर उसे मालिकों की मर्जी समझकर सहना पड़ता है। लेकिन आम जनता, खुद अपने परिवार और दोस्तों के बीच भी जब लोग आपको तिरस्कार से देखने लगें तो शर्म आती है।

इंसान कुछ भी हो जाए कितना भी गिर जाए मगर शर्म कहीं न कहीं रहती है। बेइज्जती सहना हमेशा संभव नहीं होता। एक डॉन ऑन एयर एक पत्रकार से कह रहा है– आपको क्या आता है? कुछ सीखिए! मगर उसे हें हें करते हुए और सवाल पूछते जाना है। नौकरी है। एक युवा कह रहा है टीवी वाले के माइक पर कि अगर किसी को लगता है कि रोजगार नहीं है, महंगाई है, अग्निवीर खराब स्कीम है तो वह तीन दिन गोदी मीडिया देख ले। देश में सब अच्छा अच्छा ही दिखेगा। आधी बात सुनकर जो टीवी वाले का चेहरा खिला जा रहा था लास्ट का हिस्सा सुनकर बेचारे की हालत खराब हो गई। ऐसी बेइज्जती। युवा खुले आम टीवी की आईडी देखते ही दलाल बोलने लगते हैं। कन्हैया कुमार ने एक एंकर से छोले कुलचे का भुगतान यह कहकर करवा दिया कि इन्हें डीए मिलता है। अब पता नहीं कन्हैया का आशय कौन से अलाउंस से था। मगर लोग फौरन चिल्लाने लगे दलाली अलाउंस मिलता है!

जनता इस तरह पहले नहीं कहती थी। मगर इस चुनाव में जब मीडिया ने रोजगार का सवाल नहीं उठाया बल्कि यह कहने लगी कि दो करोड़ रोजगार हर साल के हिसाब से मोदी जी 20 करोड़ रोजगार तो दे चुके हैं तो युवा भड़क गया। यहां तक कि राहुल गांधी जो आम तौर पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करते उन्होंने भी चमचा बोल दिया। कहा कि चमचों के साथ इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने बोला। यह शायद राहुल का अब तक का मीडिया के लिए उपयोग किया सबसे कड़ा शब्द है। इससे पहले उन्होंने कुछ पत्रकारों को बीजेपी का बिल्ला लगा लो कहा था। लेकिन राहुल प्रियंका ने उस तरह मीडिया पर दबाव डालने की कभी कोशिश नहीं की जैसे प्रधानमंत्री क्रान्तिकारी, अति क्रान्तिकारी कह कर करते हैं।

राहुल मीडिया से शिकवा करते हैं। मजाक में कहते हैं कि हम इन्हें मित्र मीडिया कहते हैं मगर यह हमारे मित्र नहीं। लेकिन अभी दिल्ली में एक जनसभा में बोलते हुए राहुल ने जहां प्रधानमंत्री के कुछ भी बोलने पर सवाल उठाते हुए कह दिया कि इसके लिए मीडिया दोषी है। मीडिया प्रधानमंत्री को आसान सवाल देता है। जी दो और दो कितने होते हैं? और फिर खुशी से चिल्लाता है कि देखिए हमारे प्रधानमंत्री ने जो विश्व गुरु हैं कितना सही जवाब दिया। उधर राहुल प्रियंका से पूछते हैं 19 का पहाड़ा!अगर एक ही तरह के सवाल दोनों से पूछ लिए जाएं तो सोचिए क्या हो? क्या प्रधानमंत्री से पूछ सकते हैं कि रोजगार क्यों नहीं है? प्रियंका से कहते हैं कि रायबरेली अमेठी में विकास क्यों नहीं हुआ? प्रियंका जवाब देती हैं बताती हैं कि कितना काम हुआ है। मगर फिर कहते हैं पिछड़े तो हैं! यह वैसा ही है जैसा आप कुछ भी कर दो, दे दो मगर अगला माने ही नहीं। इसके लिए एक कहानी है कि आखिर आदमी ने अपनी गर्दन काट कर ही पेश कर दी। तो उसे देखकर फरमाते हैं कि टेढ़ी कटी है! प्रधानमंत्री से पूछ लिया कि आपने कहा था कांग्रेस आएगी तो राममंदिर में ताला डलवा देगी। तो प्रधानमंत्री फौरन बदल गए कि नहीं मैंने नहीं कहा। जबकि वे कह चुके थे। वीडियो चल रहा है। और उससे भी शर्मनाक बात यह है कि वहां उस एंकर, जो बेचारा उनके परम भक्तों में शामिल था, को झूठा बताकर पब्लिक मीटिंग में और बढ़ा–चढ़ाकर कह दिया कि बुलडोजर चलवा देगी। भूल गए कि बुलडोजर की राजनीति तो उनके ही एक मुख्यमंत्री करते हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री करीब 50 इंटरव्यू दे चुके हैं। इसी चुनाव के दौरान।

मगर किसी ने एक सवाल बेरोजगारी पर, महंगाई पर, भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफकोर्ट में महिला पहलवानों के साथ यौन दुर्व्यवहार का आरोप पत्र दाखिल होने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई न करने, बल्कि उसके बेटे को टिकट देने, मणिपुर न जाने, कर्नाटक में बलात्कार के चार सौ मामलों के आरोपी प्रजव्वल रेवन्ना के लिए वोट मांगने, कोरोना वैक्सिन के निर्माताओं से चंदा लेने, जबकि वैक्सिन से लोगों की जान जा रही है पर नहीं पूछा। फिर पूछा कि आप थकते क्यों नहीं हो! उन्हें बताया कि आप पर नफरत और विभाजन फैलाने वाले आरोपों में कोई जान नहीं है। एंकर कहती है कि हम अपने व्यक्तिगत अनुभव से बताते हैं कि मुसलमान आप के लिए जान देने को तैयार हैं! और प्रधानमंत्री मोदी गंगा में खड़े होकर कहते हैं कि मैंने कभी हिन्दू–मुसलमान नहीं करा। और अगर करूं तो मैं राजनीति में रहने लायक नहीं हूं। अखबारों ने सोचा कि गंगा में खड़े हो होकर कहना तो बड़ी बात है। हिन्दू धर्म में हाथ में जल लेकर भी जो कहा जाता है उसे हमेशा निभाया जाता है। फिर प्रधानमंत्री तो कहते हैं कि गंगा ही मेरी असली मां है तो उसके आंचल में बैठकर गलत कैसे कह सकते हैं? अखबारों ने सबने फर्स्ट लीड लगाई। प्रधानमंत्री ने कहा मैं हिन्दू–मुसलमान करता ही नहीं। मगर अखबारों की स्याही भी नहीं सूखी कि अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने फिर कहा कि कांग्रेस हिन्दुओं से छीनकर मुसलमानों को दे देगी।

हद तो यह है कि भैंस छीनने की बात प्रधानमंत्री ने की। भैंस! लेकिन जो बताए जा रहे हैं 50 इंटरव्यू और उससे ज्यादा पत्रकार एंकर, उनमें से किसी ने नहीं पूछा कि प्रधानमंत्री जी यह भैंस आपके दिमाग में कैसे आ गई। वैसे पूछना तो मंगल सूत्र के बारे में भी था। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस मंगलसूत्र छीन लेगी। मगर किसी ने नहीं पूछा। महिला पत्रकारों ने भी नहीं। जबकि प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मंगल सूत्र के बारे में जानते हैं? राहुल प्रियंका से तो खूब पूछते है कि आपके बारे में मोदी जी ने यह कहा, भाजपा ने यह कहा! ऐसे ही मोदी जी से पूछ लेते कि प्रियंका गांधी पूछ रही हैं कि क्या आप मंगलसूत्र के बारे में जानते हैं? बीजेपी तो वोट की राजनीति के लिए जो कर रही है वह कर रही है मगर मीडिया जिस तरह उसके झूठ को नफरत और विभाजन को फैलाता है वह सबसे घातक है। भारत को खोखला कर दिया।मीडिया ने जिस तरह सच को झूठ और झूठ को सच दिखाया है वह भयानक है। जनता में इसकी बड़ी प्रतिक्रिया है। खुद मीडिया वालों को यह समझ में आ रहा है। इसलिए अभी देश के एक सबसे बड़े चैनल के मालिक की बेटी चीफएडिटर और एंकर पत्रकार सब रायबरेली जाकर प्रियंका गांधी के साथ ग्रुप फोटो खिंचवा रहे हैं।

# समाजवादी पार्टी की साइकिल की निकल गई हवा

लखनऊ (यूएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संतकबीरनगर जिले के धनघटा विधानसभा क्षेत्र के देवरी चौराहा के बगल में स्थित ग्राउंड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल की हवा पूरी तरह निकल गई है। सपा की अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार की जनता स्थाई रूप से विदाई कर चुकी है।

अब उसकी वापसी संभव नहीं है। कमल खिल चुका है, मोदी तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 4 जून को एनडीए की सीटें 400 पार होने जा रही है। श्री पाठक ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबों को ऊपर उठाने का काम किया। गरीबों को पक्का मकान दिया। देश के चार करोड़ लोगों को पक्का मकान देने का काम किया है। अब यह सात करोड़ बनाने का लक्ष्य



है। मोदी की सोच है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। जिसके पास नहीं है वह मोदी जी को चिट्ठी लिख देना उनको भी आवास मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ लोगों को निशुल्क शौचालय देकर महिलाओं बहनों का मान सम्मान बढ़ाया। मोदी ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर को जल से जोड़ा है। पहले बीमारी में गरीबों के घर बिकते थे आज आयुष्मान योजना से घर बन रहा है।

बच्चे प्राइमरी स्कूल जाना नहीं चाहते थे, अब प्राइमरी विद्यालय प्राइवेट विद्यालय से अच्छा काम कर रहे। सपा की सरकार में एक करोड़ 30 लाख छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। अब एक करोड़ 92 लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की अराजकता से जनता को भाजपा ने मुक्त करा दिया है। आज प्रदेश में अमन चौन कायम है। संत कबीरनगर में तीसरी बार कमल खिलेगा तो लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, तीसरी बार कमल खिलेगा तो मोदी सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करेंगे। तीसरी बार कमल खिलेगा तो मोदी सरकार और भी बड़े निर्णय लेगी जिनपर अभी काम किया जाना है।

# राजनाथ समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में बंद



लखनऊ (यूएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के मतदान के साथ कई दिग्गज नेताओं का भाग्य आज ईवीएम में कैद हो गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस लीडर राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, भारती प्रवीण पवार, उमर अब्दुल्ला और पीयूष गोयल समेत कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी, चिराग पासवान बिहार के हाजीपुर, पीयूष गोयल उत्तर मुंबई, रोहणी आचार्य सारण, साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुर, कौशल किशोर लखनऊ के मोहनलालगंज, भारती प्रवीण पवार महाराष्ट्र की डिंडोरी और नेशनी कॉन्फ्रेंस पार्टी के नेता उमर अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर के बारामुला सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र की कल्याण और उत्तर प्रदेश की बहुचर्चित लोकसभा सीट कैसरगंज सीट भी इस चरण की महत्वपूर्ण सीट है।

महाराष्ट्र की कल्याण लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत एकनाथ शिंदे तीसरी बार मैदान में हैं। यूपी के कैसरगंज सीट से इस बार बृजभूषण शरण के बेटे करण भूषण सिंह को भाजपा ने टिकट दिया है। वह पहली बार चुनावी मैदान में हैं। पांचवे चरण में देश में कुल 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है। 695 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में समाप्त होगा। पांच चरणों की चुनाव का समापन हो चुका है। इन चरणों में देश की अभी तक कुल 428 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। छठे चरण में 58 और सातवें चरण में 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

# जो संविधान बदलना चाहते हैं, जनता उन्हें बदल देगी: अखिलेश यादव

सिद्धार्थनगर (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को चार जून के बाद 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार तो बदलेगी ही बदलेगी, मंत्रिमंडल बदलेगा और साथ-साथ 'मीडिया मंडल भी बदल जाएगा। बता दें कि डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के घटक दल सपा के उम्मीदवार भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली में चिलचिलाती धूप के बावजूद उमड़ी भीड़ को अखिलेश ने संबोधित किया। अखिलेश ने कहा, 2024 का ये चुनाव बहुत अलग होता जा रहा है। इस चुनाव में देखने को मिल रहा कि जनता ने हर सीमाएं तोड़ दी हैं। 'इंडिया गठबंधन का समर्थन करने के लिए जनता निकल पड़ी है। अखिलेश यादव ने कहा कि उनके 'चार सौ पार का गणित अब लोगों के समझ में आ गया है कि भाजपा



चार सौ में जितनी सीटों बचती है उतनी सीटें ही पा रही है। सपा प्रमुख ने कहा, आप देख लेना जब सातवें चरण में चुनाव पहुंचेगा, जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई देगा। जो लोग संविधान बदलना चाहते हैं, उन्हें जनता बदल देगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि केवल बदलाव नहीं आ रहा है, सरकार तो बदलेगी ही बदलेगी, इनका मंत्रिमंडल बदलेगा और साथ-साथ 'मीडिया मंडलश् भी बदल जाएगा। अखिलेश ने भीड़ से सवालिया लहजे में पूछा मंत्रिमंडल के साथ 'मीडिया मंडल बदलेगा कि नहीं बदलेगा। हां में जवाब मिलने के बाद उत्साहित यादव ने भरोसा दिया कि 'इंडियाश् गठबंधन की चार जून के बाद सरकार बनेगी और किसानों का कर्ज माफ करने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा न केवल कर्ज माफहोगा बल्कि किसानों के कानूनी अधिकार की मांग भी पूरी होगी।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए भी कानूनी अधिकार दिलाने का काम होगा। इसके पहले यादव ने आरोप लगाया कि, श्श्अभी तक 10 साल में भाजपा सरकार ने 25 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों के माफकिए हैं।

## संकट आता है तो राहुल गांधी भाग जाते हैं: योगी

लखनऊ (यूएनएस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चुनाव प्रचार करने चंडीगढ़ में पहुंचे। जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को सिर्फसमस्याएं दी और भ्रष्टाचार दिया है। जब कोई संकट आता है तो राहुल गांधी भाग जाते हैं। कोरोना काल में भी राहुल कभी नहीं दिखे, जबकि बीजेपी ने कोरोना काल में सेवा की। मैं खुद गांव-गांव गया। सीएम योगी ने आगे कहा कि आएंगे तो मोदी ही। तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी जी। देश की सारी जनता पीएम मोदी के साथ है। अबकी बार 400 पार होगा। इसी दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया। वो कहते थे कि राम मंदिर नहीं बनेगा। तो क्या इटली में बनेगा राम मंदिर। आज यूपी में मस्जिदों से माइक उतर गए। यूपी में दंगे समाप्त हो गए। सड़को पर नमाज पढ़ना बंद हो गया है।

# जनता लड़ रही मेरा चुनाव: रविदास

लखनऊ (यूएनएस)। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने सोमवार को मतदान देने के बाद कहा कि मेरे सामने कोई चुनौती नहीं है। मेरा चुनाव जनता लड़ रही है। पांच वर्षों तक सांसद को किसी ने नहीं देखा है। भाजपा के दो विधायकों के अंतिम संस्कार में भी सांसद नहीं आये। प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि कोरोना के वक्त लखनऊ में जब पीड़ित रहे। जब हजारों लोग बिना आक्सीजन,दवा के मर रहे थे,उस वक्त भी सांसद लखनऊ नहीं आये। किसी व्यक्ति ने अपने सांसद को कहीं पर नहीं देखा। मैं यहीं का स्थानीय निवासी हूं और लोगों के सुख में दुरूख में साथ रहता हूं। मेरे लिए हर व्यक्ति मेरा अपना है। रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि शहर के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील करता हूं। जो मतदाता भाई-बहन अभी तक अपने घर से नहीं निकले हैं, वो मतदान करने अवश्य जायें। मतदान करने के लिए निकलते हुए पर्ची और भारत निर्वाचन आयोग का अपना परिचय पत्र अवश्य साथ में रखें। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन मतदान केन्द्र पर मतदान किया।

## पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने पत्नी के साथ डाला वोट

लखनऊ (यूएनएस)। पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर सोमवार को सुबह 7 बजे से मतदान जारी हो गया है। वोट शाम 6 बजे तक पड़ेंगे। इसी पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने लखनऊ में अपनी पत्नी के साथ जाकर वोट डाला है। लखनऊ सीट पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह सांसद हैं और फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। बसपा प्रमुख मायावती ने वोट डालने के बाद कहा कि मैंने मतदान कर दिया है...मैं सभी मतदाताओं से अपील करती हूं कि मतदान जरूर करें...मैं सभी राजनीतिक दलों से कहना चाहती हूं कि उनको जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# महाराष्ट्र चुनाव के अंतिम चरण में राजनीतिक युद्ध

सुशील कुट्टी

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव अभियान अपने चरम पर है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र पर भरोसा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र को जीतने और इसे अबकी बार 400 पार बनाने के लिए अपने नाम और चेहरे पर भरोसा कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी को उम्मीद है कि उन्हें मतदाताओं का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके अवास्तविक सपने से वंचित कर देगा। महाराष्ट्र के 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मई को पांचवां चरण आखिरी है। धनचुनाव के केंद्र में है और लड़ाई मैक्सिमम सिटी मुंबई में स्थानांतरित हो गई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रोड शो किया और मुंबई के मतदाताओं को अपनी ओर प्रभावित करने की कोशिश की। मुंबई, 2022 तक शिवसेना का गढ़ रहा, जब तक कि सेना दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित नहीं हो गई,जो अपनी वित्तीय ताकत के लिए भी विख्यात है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाला सेना गुट दोनों ही बालासाहेब ठाकरे के सच्चे उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे हैं। दोनों मुंबई पर राजनीतिक कब्जा चाहते हैं। उद्धव ठाकरे भी नियंत्रण खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। यह तब है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुट- एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व उनके भतीजे अजित पवार कर रहे हैं - भी राज्य की राजनीति में अपनी-अपनी प्रासंगिकता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र के चुनाव पर नजर रखने वालों के लिए परिणाम पर अटकल लगाना भी मुश्किल हो गया है। महाराष्ट्र में ये आम चुनाव




संभवतरू तय कर देंगे कि दोनों में से कौन सी सेना का भविष्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुटों का भी यही हाल है। इस बीच, यह भावना बढ़ती जा रही है कि अगर कुल मिलाकर कोई फैसला ले रहा है, तो वह एकनाथ शिंदे नहीं हैं, देवेंद्र फड़नवीस नहीं हैं, उद्धव ठाकरे नहीं हैं, यहां तक कि पुराने योद्धा शरद पवार भी नहीं हैं, बल्कि एकमात्र अजित दादा पवार हैं। शरद पवार 83 के हैं और उन्होंने हार मान ली है, लेकिन उद्धव बालासाहेब ठाकरे अपने पिता की शिवसेना पर फिर से कब्जा करने पर आमादा हैं। उद्धव ठाकरे के लिए, 2024 का आम चुनाव उनकी परीक्षा में असफल न होने की परीक्षा है। 2024 के आम चुनावों में उद्धव ठाकरे एक बहादुर व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया है, अपना और ठाकरे वंश का राजनीतिक भविष्य। जहां तक अजित पवार का सवाल है, उन्होंने शरद पवार का जुआठ उतार फेंका है और यह आम चुनाव 2024 की कहानी का हिस्सा है। राज्य में पांचवें और अंतिम चरण में महाराष्ट्र की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और ऐसी चर्चा है कि अजित पवार का प्रभाव सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में महसूस किया जायेगा। क्यों यह जानने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। बारामती लोकसभा चुनाव, जो तीसरे चरण में हुआ और जिसमें अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, जो मौजूदा सांसद हैं, से मुकाबला किया। राकांपा का अजित पवार गुट पहले ही बारामती में जीत का दावा कर चुका है और आम तौर पर लोगों का मानना है कि इसके बारे में दो तरीके नहीं हो सकते। बारामती-टेम्पलेट काम कर गया और अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी काम करेगा। बारामती टेम्पलेट वोट खरीदने और मतदाताओं को गुमराह करने का एक संयोजन है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही महायुति के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो दुनिया की सबसे अमीर पार्टी भी है। बारामती टेम्पलेट में लाखों मतदाताओं के मन में चुनाव चिन्हों पर भ्रम पैदा करना शामिल है। वर्षों से शरद पवार के प्रति वफादार मतदाताओं को इस बात का जरा भी एहसास नहीं था कि वे राकांपा के अजित पवार गुट को वोट दे रहे हैं, जब तक कि बहुत देर नहीं हो गई। वे यह सोचकर मतदान केंद्रों से चले गये कि शरद पवार की राकांपा के पास अभी भी श्घड़ी है, जब उन्हें अपनी वोटिंग उंगली तुरही बजाने वाले आदमी पर रखनी चाहिए थी। चुनाव चिन्हों को लेकर भ्रम की स्थिति शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन की विरासत है। असली सेना टैग की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और यूबीटी सेना प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे शिवसैनिकों की वफादारी और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का दावा कर रहे हैं और 2022 में संपूर्ण शिवसेना के ब्रेक लेने के बाद से मुंब्राक्रीक में बहुत सारा पानी जमा हो गया है। शिवसेना की विरासत की लड़ाई पर कोई विराम नहीं लगा है। आदित्य ठाकरे के अनुसार, उद्धव बालासाहेब ठाकरे खुद को बालासाहेब ठाकरे का सच्चा उत्तराधिकारी मानते हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कहना है कि वह बालासाहेब की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का भाजपा के साथ गठबंधन का अपना महत्व है। शिंदे का कहना है कि जब उद्धव ने श्घृणास्पदश् कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का फैसला किया तो शिवसेना ( यूबीटी ) ने शिवसैनिकों का समर्थन खो दिया। इसलिए अजित दादा पवार ने महाराष्ट्र में एनडीए के चुनावी रथ पर अपनी पकड़ बना ली है, हालांकि पांचवें चरण के चुनाव में मुंबई मेट्रो पॉलिटनरीजन ( एमएमआर ), नासिक और खंडेश के कुछ हिस्सों में दोनों शिव सेना - एकनाथ शिंदे की सेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना - गुटों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस क्या कर रहे हैं? पिछली बार सुना था, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को श्रेय दे रहे थे और शरद पवार ने शिवसेना और एनसीपी में फूट के लिए जिम्मेदार ठहराया। फड़णवीस प्रधानमंत्री मोदी की पीठ पीछे महायुति उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि देश में हर जगह की तरह, महाराष्ट्र में भी ये चुनाव पीएम के नाम और चेहरे पर लड़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी सोचते हैं कि वह निश्चित जीत का जादुई मंत्र हैं।

प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के उन सात निर्वाचन क्षेत्रों को भी महत्व देते हैं जहां पांचवें चरण में मतदान होना है। वित्तीय पूंजी पर नियंत्रण के अपने राजनीतिक प्रभाव होते हैं। कैश देने वाली गाय बृहन्मुंबई नगर निगम अपने साथ विशेष प्रभाव लेकर आता है। मिलिंद देवड़ा से पूछें और वह आपको बतायेंगे कि बीएमसी मुंबई की राजनीति के केंद्र में है। बीएमसी का नियंत्रण हमेशा से ही ठाकरे परिवार के पास रहा है लेकिन मोदी का मानना है कि यथास्थिति मुंबई के लिए खराब है। भाजपा को लगता है कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना अजित पवार एनसीपी के साथ मिलकर लड़ रही शिवसेना-भाजपा गठबंधन की कैडर ताकत को हरा नहीं सकती है। महायुति का मानना है कि पांचवें चरण में जिन 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, वे चुनाव के लिए तैयार हैं। महा विकास अघाड़ी का मानना है कि एक श्अंडर करंटश् उसके पक्ष में काम कर रहा है। इसके अलावा, शिंदे उस भाजपा कठपुतली की छवि से भी छुटकारा पाना चाहते हैं जिससे वह ग्रस्त हैं। आम शिवसैनिकों को दोयम दर्जे की भूमिका निभाना पसंद नहीं है। मुंबई लोकसभा सीटों के लिए महायुति के खराब उम्मीदवार चयन की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने महाराष्ट्र के मतदाताओं से बेहतर कल के लिए भाजपा को छोड़ने की अपील की है, जबकि एनडीए नेताओं ने बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को चुनने का आह्वान किया है।

# अरबों रूपये खर्च होने के बाद ब्रेकडाउन को लेकर गैरजिम्मेदारी

लखनऊ ( यूएनएस )। पूरे उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में बिजली कंपनियों में बडे पैमाने पर ब्रेकडाउन बिजली उपलब्ध होते हुए भी नहीं मिल पा रही उपभोक्ताओं को बिजली वितरण नेटवर्क पर काम करने की जरूरत अनेकों खंडो में अभियंता नहीं उठा रहे हैं ब्रेकडाउन के बाद फोन जिससे उपभोक्ताओं में फैल रहा आक्रोश सरकार करें हस्तक्षेप। पावर कॉरपोरेशन भले ही 28092 मेगावाट अधिकतम विद्युत आपूर्ति करके उपभोक्ताओं को दे रहा राहत लेकिन सच्चाई कुछ और आज वितरण नेटवर्क और रोस्टिंग ना होती तो अधिकतम डिमांड 30000 से 30500 मेगावाट को करती पार इसलिए सिस्टम पर हो जरूरी काम सरकार करें तत्काल हस्तक्षेप इस बार सभी बिजली कंपनियों मे ज्यादातर खंडो को अनवरत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजनेस प्लान के तहत 5-5 करोड दिया गया आरडीएसएस योजना में हुआ करोडों अरबो का काम फिर भी तत्परता से ब्रेकडाउन को नहीं किया जा रहा अटेंड अभियंता नहीं उठा रहे फोन कौन है जिम्मेदार। सरकार कर हस्तक्षेप। प्रदेश में बिजली आपूर्ति को लेकर अरबों रूपये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च किये जा चुके है। लेकिन कुप्रबधन और अभियंताओं की लापरवाही से बिजली आपूर्ति को लेकर अब भी संकट बना हुआ है। ब्रेकडाउन और रोस्टिंग को लेकर लगातार हीला हवाली की खबरें आ रही है। उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में बिजली व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है वर्तमान में पूरे उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में जब प्रदेश की बिजली कंपनियां प्रदेश के उपभोक्ताओं तक 27942 सहित 28092 मेगावाट तक अधिकतम आपूर्ति कर चुकी है। इसी बीच वर्तमान में लोकल ब्रेकडाउन और रोस्टिंग पर ध्यान दे तो उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 30000 से 30500 मेगावाट के बीच डिमांड जा रही है। बिजली कंपनियों का वितरण नेटवर्क आज मजबूत होता तो बहुत ही आसानी से मई महीने में अधिकतम डिमांड 31000 तक पहुंच जाती। ऐसे में उपभोक्ता परिषद की बात सच साबित हुई उपभोक्ता परिषद ने पहले ही कह दिया था कि उत्तर प्रदेश में इस बार सितंबर महीने तक 32000 मेगावाट तक डिमांड जाने की पूरी संभावना है। वर्तमान में प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास लगभग 28200 मेगावाट या उसके इर्द-गिर्द ही बिजली इस भीषण गर्मी में उपलब्ध कराने का इंतजाम है। सबसे बडा कठिन विषय यह है की वर्तमान में इस भीषण गर्मी में प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में वितरण नेटवर्क जवाब दे रहा है। जिसके चलते बडे बडे ब्रेकडाउन से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकारी इस मामले पर तत्काल हस्तक्षेप करें। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा यह बात बिल्कुल सही है कि इस बार आरडीएसएस योजना के तहत सबसे ज्यादा सिस्टम पर काम हुआ है। सभी वितरण खंडो को पावर कॉरपोरेशन द्वारा सबसे ज्यादा बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5-5 करोड धन इस बात के लिए दिया गया था कि उपभोक्ताओं को अनवरत विद्युत आपूर्ति की जाए। ब्रेकडाउन अटेंड तत्परता पर किया जाए। लेकिन यहां अनेकों खंडो से ऐसी सूचना आ रही कि विद्युत उपभोक्ताओं के फोन ब्रेकडाउन होने के बाद उठाकर कोई जवाब देने वाला नहीं है।

# 403 मतदेय स्थलों से सकुशल 58.59% वोटिंग कराकर पोलिंग पार्टी पंहुची स्ट्रांग रूम



कानपुर देहात (यूएनएस)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पांचवे चरण में 45 लोकसभा जालौन गरौठा अंतर्गत आने वाली जनपद की विधानसभा 208 भोगनीपुर में प्रशासन की चुस्त दुरस्त रणनीति के चलते सुबह 7 बजे से ही सभी बूथों पर मतदान प्रारंभ हो गया था। हालांकि करीब 6 बूथों पर ईवीएम ने थोड़ा धोखा दिया पर त्वरित ही व्यवस्था करा दी गई। जिससे कहीं भी मतदान प्रभावित नहीं हुआ। उक्त चुनाव में 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण और सकुशल निपट गया। हालांकि आज मतदान के दिन सूर्यदेवता भी अपना पूरा आशिर्वाद प्रदान कर रहे थे जिससे पारा भी करीब 47 डिग्री रहा पर इतना पारा और चिलचिलाती गर्मी भी मतदाताओं को बूथ पर जाने से नहीं रोक पाई।

पूरी विधानसभा में पुरुष मतदाताओं में 59.65 फीसदी तथा महिला मतदाताओं ने 57.37 फीसदी मतदान किया। हालांकि इस बार चौथे चरण की अपेक्षा थर्ड जेंडर का मतदान प्रतिशत कमजोर रहा और उन्होंने अपने 25 फीसदी मत का हो प्रयोग किया। सभी जगह करीब करीब 6 बजे तक मतदान संपन्न हो गया। कुछ बूथों पर जरूर अंतिम समय के बाद भी लाइन में लोग खड़े दिखे। सभी का वोट सकुशल डलवाकर पोलिंग पार्टियां अपनी ईवीएम, वीवीपैड और कंट्रोल यूनिट सील कर स्ट्रांग रूम में सुरक्षा कर्मियों के साथ कड़े पहरे में जमा कराने निकल पड़े। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट भी पसीना बहाते बूथों पर दौड़ते रहे। वहीं कंट्रोल रूम में मुस्तैदी से कर्मिगण डटे रहे। पोलिंग के बाद अपने अपने कैंडिडेट के लिए मतदान के रुझान की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

# पुलिस की सतर्कता से शांति पूर्ण मतदान संपन्न

## उपनिरीक्षक धीरेंद्र की कार्यशैली प्रशंसनीय

पुखरायां कानपुर देहात (यूएनएस)। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव में पुखरायां मंडल में ही रहे चुनाव में चौकी प्रभारी पुखरायां उप निरीक्षक धीरेंद्र सिंह की सतर्कता के चलते पुखरायां क्षेत्र के सभी बूथों में होने वाले मतदान में शांति व्यवस्था देखने को मिली।

चौकी प्रभारी द्वारा सभी मतदान सेंटर में बारी बारी से जा कर मौजूद 45 पीएसी एटा हेड कांस्टेबल धर्मराज स्टाफके साथ सक्रियता के साथ हर बूथ पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का काम किया। पुखरायां में मिलन केंद्र के पीछे प्राथमिक विद्यालय में पिक बूथ बनाया गया। जहां विभा द्विवेदी तथा नगर पालिका कार्यालय सहायक तारावती द्वारा मतदान के लिए आई महिलाओं को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा पुष्प भेंट कर उनको मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज के बूथ पर वृद्ध मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई ताकि वृद्ध मतदाता भी वोट डालने से वंचित न हो सके। जालौन लोकसभा सीट पर सबसे बड़ी चर्चा भाजपा के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के बीच हो रही है। इन दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के बीच मुकाबला काफी तेजी से बढ़ रहा है।जालौन लोकसभा सीट पर सबसे बड़ी चर्चा भाजपा के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के बीच हो रही है। इन दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के बीच मुकाबला काफी तेजी से बढ़ हुआ था।जालौन में इस बार 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, समाजवादी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार, बहुजन समाज पार्टी से सुरेश चंद्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से प्रत्याशी नागेंद्र कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार प्रेमलता वर्मा और निर्दलीय उम्मीदवार बृजमोहन चुनावी मैदान में हैं।45 जालौन गरौठा लोकसभा के अंतर्गत भोगनीपुर विधानसभा में कुल 58.59: मतदान हुआ।

# लोकसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे विधायकों का सियासी कद



कन्नौज। लोकसभा चुनाव के मैदान में तो परीक्षा उम्मीदवारों की है। मतदाताओं ने उनके ही नसीब में जीत या हार का फैसला सुनाया है। चार जून को जब नतीजा आएगा तो इसमें विधायकों की भी सियासी हैसियत का अंदाजा लगेगा। चुनाव के दौरान विधायकों ने भी मुश्किल सियासी परीक्षा दी है। वोटर के फैसले से उनका सियासी कद तय होगा कि अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए विधायकों ने जोर ही लगाया है या सिर्फ शोर मचाया है।

दरअसल कन्नौज संसदीय सीट में विधानसभा की पांच सीट आती हैं। इसमें चार सीटों पर भाजपा का कब्जा है। एक सीट पर सपा का विधायक है। कन्नौज जिले की तीनों सीट भाजपा के हिस्से में हैं। इसमें कन्नौज सदर सीट से असीम अरुण प्रदेश सरकार में समाज कल्याण के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री हैं। छिबरामऊ सीट से अर्चना पांडेय लगातार दूसरी बार की विधायक हैं। तिर्वा सीट से कैलाश राजपूत चार बार के विधायक हैं। पांचों विधायक में वही सबसे अनुभवी हैं। कानपुर देहात की रसूलाबाद सीट से भाजपा की पूनम शंखवार विधायक हैं। औरैया की बिधूना सीट ही सपा के पास है।

यहां से रेखा वर्मा विधायक हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा और सपा दोनों ने ही अपने-अपने विधायकों को उनके क्षेत्र में आगे आकर सियासी दंगल में दांव-पेच चला था। चुनाव के नतीजे जो भी आएंगे, उसमें उनकी मेहनत दिखेगी। चुनाव के ऐलान के बाद से तो विधायकों ने अपने-अपने इलाकों में खूब जोर दिखाया। उनकी यह सियासी कसरत उनके उम्मीदवार को कितना फायदा पहुंचाती है, यह चार जून के नतीजे से ही तय होगा। जिसके क्षेत्र में उम्मीदवार को बढ़त मिलेगी, उसे सियासी परीक्षा में पास माना जाएगा। जिसके क्षेत्र में उम्मीदवार को बढ़त नहीं मिली, उसकी भूमिका पर सवाल तो होगा ही, क्षेत्र में उसकी सक्रियता और जनता के बीच पकड़ की हकीकत भी सामने आएगी। कन्नौज संसदीय सीट पर जो पांच विधानसभा क्षेत्र हैं, उसमें तीन पर महिला विधायक हैं। छिबरामऊ की अर्चना पांडेय और रसूलाबाद की पूनम शंखवार भाजपा से विधायक हैं।

# प्रादेशिक खेलकूद में केजीबीवी की छात्राओं को भी मौका

कानपुर देहात (यूएनएस)। स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत प्रदेश स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता 21 अगस्त से अक्तूबर के दूसरे सप्ताह तक प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में अब माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राएं भाग ले सकेंगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा प्रदेशीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया है। कार्यक्रम से संबंधित आदेश सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजा जा चुका है। प्रदेशस्तरीय आयोजन से पूर्व विद्यालय, जनपद और मंडल स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए हर स्तर पर क्रीड़ा समितियों का गठन कर लिया गया है।प्रादेशिक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएं और जूनियर विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अंडर-14 आयु वर्ग में भाग लेंगे। इससे इन छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को इस प्रतियोगिता में एक यूनिट के रूप में सीधे प्रतिभाग कराया जाएगा। राज्यस्तर पर टीम के चयन के लिए टीम का निर्धारण बालिका प्रकोष्ठ समग्र शिक्षा (बेसिक) द्वारा किया जाएगा। प्रदेशीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में होगी। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

# युवक को ट्रक ने रौंदा

उन्नाव (यूएनएस)। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पंचर हुए टायर को बदलते समय लोडर चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल कंडक्टर का इलाज जारी है।

# सीईओ समेत अनेक जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने किया मतदान



लखनऊ (यूएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पांचवे चरण के अंतर्गत बूथ 338, हॉल-ए सीएसआई टॉवर विपिनखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ में मतदान किया।उन्होंने कहा कि सभी लोग मतदान अवश्य करें। यह हमारा अधिकार ही नही कर्तव्य भी है। लोकतंत्र में सबके मत का महत्व है। यह अवसर है अपनी पसंद व्यक्त करने का। सबने कहा,लोकतंत्र में मतदान बहुत आवश्यक है। यह कर्तव्य है जिसे हर हाल में निभाना है। प्रमुख सचिव सूचना एवं मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने अपनी पत्नी पूजा प्रसाद एवं पुत्री डा.संजना के साथ मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व में उन्होंने सभी से हिस्सेदारी की अपील की। लखनऊ के कैंट में सेंट माक्र्स स्कूल में 94 साल की बुजुर्ग मुन्नी देवी अपनी बहू निहारिका मिश्र और नातिन प्रिशा के साथ वोट डालने पहुंची। वही ऐशबाग रस्तोगी इंटर कॉलेज में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने वोट डाल सेल्फी पॉइंट पर फोटो ली। उन्होंने सभी को घरों से निकलकर मतदान की अपील की। उधर समाजवादी पार्टी की महिला सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोंडा से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने अपनी मां सुधा वर्मा बहन तान्या वर्मा के साथ बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर मतदान केंद्र पर मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील किया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में वह लखनऊ मोंटेसरी स्कूल में वोट डालने पहुंचे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ष्मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे बाहर आएं और देश के लिए वोट करें। पीएम मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से भाजपा ने अपना मतदान प्रतिशत और सीटों की संख्या में लगातार वृद्धि की है। लोगों ने हमें 400 से अधिक सीटों के साथ प्रचंड बहुमत देने का फैसला किया है।माल एवेन्यू में मोंटेसरी स्कूल मतदान स्थल पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्नी नम्रता पाठक व सुपुत्री के साथ पहुंचकर मतदान किया। राज्यसभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मताधिकार का उपयोग किया। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने पत्नी जयलक्ष्मी के साथ गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में बने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान किया। राज्यसभा सांसद संजय सेठ और उनकी पत्नी नीति सेठ ने अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज विक्रमादित्य मार्ग पर मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यसभा सांसद बृजलाल ने गोमती नगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में बने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान किया और देश को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए मतदान की अपील की। नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने गोमती नगर स्थित मतदान केंद्र में अपने मतदान के पश्चात कहा कि जितना अधिक मतदान होगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा। अपने युवा वोटर्स और नारी शक्ति से मेरा आग्रह है कि वोट डालने के लिए वे बढ़-चढ़कर आगे आएं। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पत्नी बिंदु बोरा और सुपुत्र वत्सल बोरा के साथ फैजुल्लागंज स्थित सोया-फातिमा इंटर कॉलेज के मतदान केन्द्र में मतदान किया। वृंदावन योजना सेक्टर 9 में लखनऊ पब्लिक स्कूल मतदान केन्द्र में महापौर सुषमा ने पति प्रेम खर्कवाल,पुत्र मयंक, पुत्रवधू नेहा और पौत्री आराध्या के साथ मतदान किया। लखनऊ पूर्व सीट पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने पत्नी किरण श्रीवास्तव ने अपने पुत्रों दर्पण और दर्शन के साथ आरएलबी स्कूल सेक्टर सी में पहुंचकर मतदान किया।फतेहपुर शहर के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में फ्तेहपुर से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने बूथ संख्या सात पर अपना मतदान किया। वही लखनऊ के गोमतीनगर के सीएसआई टावर स्थित आदर्श मतदान केंद्र पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मताधिकार का प्रयोग किया।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने सपरिवार चित्रगुप्त नगर वार्ड के बेसिक प्राथमिक विद्यालय कनौसी के भोला खेड़ा बूथ संख्या 100 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, उनके साथ क्षेत्र के पार्षद नरेंद्र पाल पप्पू एवं विजेता संदीप पाल मौजूद रहे।लोकतंत्र के महापर्व में मतदान आपका ब्रह्मास्त्र है। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने अपनी पत्नी शालिनी मिश्रा के साथ लखनऊ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कहा कि उनका वोट सशक्त राष्ट्र निर्माण को समर्पित है।रालोद व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने किया मतदान लखनऊ 20 मई।राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सशक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## फतेहपुर में भाजपा और सपा समर्थकों में झड़प, विवाद की सूचना पर पहुंचीं साध्वी निरंजन ज्योति

फतेहपुर। फतेहपुर में ग्राम सरायं होली, बूथ संख्या 139 विधानसभा जहानाबाद में सपा और भाजपा समर्थकों के बीच विवाद हो गया। लोकसभा फतेहपुर-49 की 238 विधानसभा जहानाबाद के गांव सरायं होली बूथ संख्या 139 में सुबह लगभग साढ़े दस बजे भाजपा समर्थक और सपा समर्थकों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद की सूचना पर भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति पहुंची। तब तक उपद्रवियों को पुलिस ने खदेड़ दिया। यादव बाहुल्य होने पर भाजपा ने आरोप लगाया कि अन्य जाति के मतदाताओं को मतदान नहीं करने दिया जा रहा है। इस बीच मतदान केंद्र में अफरातफरी मची रही। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ एडीएम पहुंचे। मतदान बिना किसी रुकावट के चलता रहा। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# मायावती मतदान के बाद बोली जनता साइलेंट, होगा बदलाव

लखनऊ (यूएनएस)। यूपी की पूर्व सीएम और बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती आज पांचवें चरण के चुनाव के दौरान लखनऊ में वोट डालने पहुंचीं मायावती ने मीडिया के सवालों का जवाब दिया। मायावती ने अपने भतीजे और बसपा नेता आकाश आनंद को कोऑर्डिनेटर पद से हटाने से जुड़े सवालों का जवाब भी दिया।मायावती ने 2024 के चुनाव परिणाम को लेकर कहा कि केंद्र सरकार बदलने जा रही है।उन्होंने कहा, मुझे लगता है इस बार बदलाव होगा क्योंकि जनता एकदम साइलेंट है और खुलकर बोल नहीं रही लेकिन जनता सब देख रही है कि क्या हो रहा है। मायावती लखनऊ में वोट डालने पहुंची थीं। आकाश आनंद को



बीजेपी के दवाब में हटाया गया ? इस सवाल के जवाब में मायावती ने कहा, इसके बारे में मैं ट्वीट कर चुकी हूं और इसके बारे में अब मैं कुछ नहीं कहना चाहती हूं। वोट डालने के बाद मायावती ने कहा, लोग अपने घरों से निकलें और अपने-अपने बूथ पर बड़ी संख्या पर वोट डालने जाएं। जलपान बाद में करें, पहले वोट डालने जाएं।मैं कहना चाहूंगी कि जो चुनाव हो रहा है, इस बार हमें यह देखने को मिल रहा है कि इस बार का चुनाव आरोप-प्रत्यारोप पर हो रहा है न कि जनहित के मुद्दों पर. इसलिए मेरा कहना है कि पार्टियां जनहित के मुद्दों को तरजीह दें। बीजेपी के 400 पार के दावे पर कहा, श्सभी जीत का दावा कर रही हैं लेकिन नतीजे आएंगे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इंडिया गठबंधन के दावे पर कहा कि ये लोग तो पिछली बार भी जीत का दावा कर रहे थे।

# आउट आफस्कूल बच्चों को लेकर चलेगा विशेष अभियान

कानपुर देहात (यूएनएस)। आउट ऑफ स्कूल बच्चो को चिह्नीकरण, पंजीकरण व नामांकन के लिए शारदा यानी स्कूल हर दिन आएं कार्यक्रम संचालित हैं। जिले में ईंट भट्ठों, कारखानों, होटलों, ढाबा, असेवित व मलिन बस्तियों, जन-जातीय व घुमंतू समुदायों व मौसमी पलायन से प्रभावित परिवारों के सर्वेक्षण को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान छह से 14 आयु वर्ग के आउट आफस्कूल बच्चों को तलाशा जाएगा। पहले चरण का अभियान 17 जून से 16 जुलाई तक व दूसरे चरण का अभियान एक अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत यह प्रविधान है कि छह से 14 आयु वर्ग के ऐसे बच्चे जो आउट ऑफ स्कूल हैं उनका चिह्नीकरण करते हुए आयु संगत कक्षा में नामांकन कराने, विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाए।

दो श्रेणी में चिन्हित होंगे आउट आफस्कूल बच्चे-आउट आफस्कूल बच्चे दो श्रेणी के हो सकते हैं। पहला ऐसे बच्चे जिनका विद्यालय में कभी भी नामांकन नहीं हुआ हो, दूसरा ऐसे बच्चे जिनका विद्यालय में पूर्व में नामांकन हुआ था किंतु किन्हीं कारणवश अपनी शिक्षा पूरी किए विना विद्यालय छोड़ गए यानी ड्राप आउट हो गए। आउट आफस्कूल का यह करेंगे सर्वेक्षण-बच्चों को चिह्नित करने, आयु संगत कक्षा में नामांकन के लिए प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, बीटीसी प्रशिक्षु, स्वयंसेवी संस्थाएं व अन्य विभागों के कर्मी घर-घर जाएंगे। परिवार का सर्वेक्षण करेंगे।

# मतदान के बाद बोले राजनाथ सिंह, अबकी बार चार सौ पार



लखनऊ ( यूएनएस )। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित स्कॉलर होम स्कूल मतदान केन्द्र पर रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने सपरिवार मतदान किया। मतदान के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अबकी बार एनडीए चार सौ पार अर्थात चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहा है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर बने एनडीए का चार चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। पांचवे चरण में भी एनडीए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बाकि बचे चरणों में भी हमारे प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अब देश में चार सौ से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। मतदान के लिए अपने आवास से निकलते हुए राजनाथ ने समर्थकों को मतदान की अपील की। लखनऊ के मतदाताओं से राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान कीजिए। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी मौजूद रहें।

# पाँचवें चरण में सभी 14 सीटें जीतने जा रही बीजेपी: भूपेंद्र

लखनऊ ( यूएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि पाँचवें चरण में भाजपा सभी 14 सीटें जीतने जा रही है। राहुल गांधी की वापसी का टिकट बन चुका है। वे भी पराजित हो चुके हैं। अमेठी में कांग्रेस का इको सिस्टम खत्म हो चुका है वहाँ दोबारा कमल खिल रहा है। अमेठी और रायबरेली से जो संदेश जनता ने भाजपा के पक्ष में दिया है उससे यह साफहै कि 4 जून के बाद राहुल बाबा देश में कांग्रेस खोजो यात्रा पर निकलने वाले हैं। पाँचवें चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। इन पाँच चरणों में भाजपा जनता के आशीर्वाद से प्रदेश की सभी 53 सीटें जीत रही है। देश और प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उससे यह साफहै कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार जनादेश मिल रहा है। जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। पांचो चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफकर दिया। मोदी देशवासियों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं । जनता अपने मोदी के साथ खड़ी है। मोदी और जनता के बीच का जो गठबंधन है वह अटूट और अजेय है। यही कारण है कि सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हताश और निराश है। जनविश्वास खो चुकी सपा और कांग्रेस हताशा और निराशा में है। उनके नेताओं के पास कोई नीति नहीं है। उनकी नीयत में खोट है, उनका केवल एजेंडा है वह खुद के परिवार को पोषण देना है। इंडी अलायंस की रैलियों में गुंडों की भीड़ आ रही, अराजकता का आलम ऐसा है कि युवराज रैलियां नहीं कर



पा रहे हैं। आज चुनाव में विपक्ष को बस्ते लगाने के लिए भी कार्यकर्ता नहीं मिले हैं। जनता ने कमल का बटन दबाकर भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया है। मेरा सभी मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन है। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की देवतुल्य जनता ने मोदी को पुन: सेवा करने के लिए चुन लिया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है। आज के चुनाव में जनता ने ईवीएम को कमल से लबालब कर दिया है। परिणाम भाजपा के पक्ष में है, हताशा और निराशा में सपा और इंडी अलायंस के नेता और समर्थक भी वोट देने के लिए नहीं निकले हैं। उन्होंने चुनाव के सफ्लतापूर्वक सम्पन्न होने पर चुनाव आयोग, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों सहित सभी मतदाताओं का अभिनंदन किया। साथ ही लोकतंत्र के महायज्ञ को निर्विघ्नता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए इस पुनीत कार्य में लगे सभी लोगों और जनता जनार्दन के प्रति आभार भी जताया।

## बिजौड़ा को हराकर सरमेड़ी ने जीता मैच

अछल्दा। क्षेत्र के गांव कछपुरा देवराव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पांचवे दिन मैच सरमेड़ी व बिजौड़ा टीम के बीच मैच शुरू हुआ। सरमेड़ी टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिजौड़ा की टीम को शिकस्त दी। शाक्य क्रिकेट क्लब के द्वारा कछपुरा देवराव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार को सरमेड़ी और बिजौड़ा टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस दौरान टॉस जीतकर सरमेड़ी की टीम के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। इसमें टीम के खिलाड़ियों ने 10 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर में 85 रन बनाए। सरमेड़ी की तरफ से पोलाई ने 23 रन व धर्मराज ने 17, रलेश ने चार, अभिषेक ने आठ, गुलशन ने 11 रन बनाकर 85 रन का स्कोर विपक्षी टीम को लक्ष्य दिया। दूसरी पारी खेलने मैदान में उतरी बिजौड़ा टीम ने विपक्षी गेंदबाजों का सामना करते हुए अनुराग ने 16, गोरेलाल ने 25, विकास ने 11, सौरभ ने 15 रन बनाकर 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर सिर्फ 75 रन ही बनाए। इस मौके पर मनु, सुमित, नितिन आदि मौजूद रहे।

## मालिनी अवस्थी ने गीत गाकर की जनता से वोट डालने की अपील

लखनऊ ( यूएनएस )। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। इस चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फ्तेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने अपना वोट डाला है। साथ ही लोक गीत गाकर की जनता से वोट डालने की अपील की है।मौलाना खालिद रशीद फ्रंगी महली ने मतदान किया है। चौक के ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक कॉलेज में मतदान किया है। मतदान के बाद मीडिया से बोले मौलाना खालिद रशीद कि लोकतंत्र का पर्व है और सभी को मतदान करना चाहिए। गर्मी की परवाह किए बिना घरों से निकलना चाहिए। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदान करें।

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने लखनऊ में डाला वोट

लखनऊ ( यूएनएस )। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने मतदान किया। वोट डालने के बाद डीजीपी ने कहा कि, "मैं सभी से अपील करूंगा कि वो अपना वोट दें और अधिक से अधिक वोट देकर अपने जनप्रतिनिधियों का चुनाव करें। पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ( सीईओ ) नवदीप रिनवा ने के मुताबिक इस चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फ्तेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। जिसमें 10 सीटें सामान्य श्रेणी की और चार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

## बुजुर्ग मतदाता ने जताई नाराजगी

लखनऊ ( यूएनएस )। पांचवें चरण के मतदान की प्रक्रिया जारी है। राजधानी में सुबह 9 बजे तक 10 फीसदी के करीब मतदान हुआ है। यहाँ आदर्श मतदान केंद्र शेरवुड एकेडमी पर मतदान करने पहुंचे बुजुर्ग ओंकार सिंह ने नाराजगी व्यक्ति की है। ओंकार सिंह का कहना है कि बुजुर्गों के लिए ई रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। जिससे मतदान बुजुर्ग आसानी से कर सके, लेकिन यहां पर ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बात की है। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ई रिक्शा उपलब्ध कराने का वादा किया है।

## कुर्सी पर बैठा मिला सेवानिवृत्त शिक्षिका का शव

लखनऊ ( यूएनएस )। गोसाईंगंज थाना अंतर्गत टीचर्स कॉलोनी में रविवार देर रात सेवानिवृत्त शिक्षिका ऊर्जा चक्रवती ( 62 ) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में कुर्सी पर बैठा मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। फिर परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

## डीजीपी ने पत्नी के साथ डाला वोट

लखनऊ ( यूएनएस )। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पत्नी के साथ लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में रामआसरे पुरवा हुसडिया स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदान किया। मतदान के बाद पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सुबह से अभी तक सकुशल मतदान हो रहा है। मैंने भी अपना मतदान कर दिया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश के 21 जनपदों में 14 संसदीय क्षेत्र में मतदान शांति पूर्वक चल रहा है। पूर्व में भी चार चरणों में भी मतदान शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 10 हजार संख्या में निरीक्षक, उपनिरीक्षक और पुलिस अधिकारियों को पांचवें चरण में तैनात किया गया है। मतदाताओं में बेहद उत्साह है। लोकतंत्र के पर्व को मनाने के लिए हर वर्ग का मतदाताओं अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र पहुंच रहा है।

## सुरेन्द्रनगर में लोगों ने की वोटिंग, इस बार चाहिए सुशासन

लखनऊ ( यूएनएस )। लखनऊ के सुरेन्द्रनगर में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान जारी है। तेज गर्मी के बाद भी लोग बढ़चढ़ कर वोटिंग कर रहे हैं। पहली बार अपना वोट दे रहे युवाओं ने खुशी जताई है। चुनावी मायने और महत्व को समझते हुए लोग इस बार अपने मताधिकार का पूरी जिम्मेदारी से इस्तेमाल कर रहे हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं ने बताया कि वो इस बार काफी सोच समझ के अपना मत दे रहे हैं।

# मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंचे वोटर्स खुलकर बोले
# फर्स्ट टाइम वोटर्स में दिखा जबरदस्त उत्साह








लखनऊ (यूएनएस)। राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश की 14 संसदीय सीटों पर आज मतदान हो रहा हैं। वोटिंग को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह भी देखा जा रहा हैं। शहरी क्षेत्र में सुबह से ही मतदान करने के लिए लोग घरों से निकले हैं। बुजुर्ग मतदाताओं में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह हैं। वही कुछ ऐसे भी हैं जो बीमार होने के बावजूद वोट करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे हैं। आशियाना के महाराजा बिजली पासी पीजी डिग्री कॉलेज में आशियाना और एलडीए कॉलोनी के क्षेत्रों में रहने वाले तमाम मतदाता सुबह से ही वोट देने पहुंचे हैं। इनमें फर्स्ट टाइम वोटर में रहे। इन वोटर में मतदान के बाद चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। वही कुछ ऐसे भी लोग रहे जो लखनऊ से बाहर रहने के बावजूद वोट डालने के लिए आज लखनऊ पहुंचे हैं। मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंचे वोटर्स ने इस बार के चुनावों में हावी मुद्दों पर भी बातचीत की। अवेश पांडेय ने बताया कि महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे हमेशा से रहे हैं। जनता को ये विश्वास है कि आने वाली सरकार इस और भी ध्यान देगी और जनता को बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि वर्तमान सरकार पर भी लोगों को भरोसा हैं।बीनू सिंह ने कहती हैं वोट डालने के लिए आए हैं, पर मानो ऐसा लग रहा हैं जैसे किसी एग्जाम में जा रहे हैं। जैसे बच्चों के बोर्ड एग्जाम हो कुछ वैसी फीलिंग हैं। वोट सभी को जरूर देना चाहिए, और वोट देते समय देश हित का जरूर ध्यान रखना चाहिए। भाजपा समर्थक विजय बहादुर सिंह कहते हैं कि इस बार वोट लोग बिना किसी भेदभाव के तीसरी बार मोदी सरकार की वापसी के लिए दे रहे हैं। धर्म, मत और मजहब से ऊपर उठकर लोग भाजपा को वोट दे रहे हैं। राजधानी लखनऊ के आशियाना निवासी दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा सुचेता सचान कहती हैं कि पहली बार वोट डालकर बेहद अच्छी फिलिंग हैं।मेरे हिसाब से वोट जाति और धर्म के नाम पर नहीं डालना चाहिए।

## मोहनलालगंज में शांतिपूर्ण हुआ मतदान, 63.30 प्रतिशत वोट पड़े

लखनऊ (यूएनएस)। लोकसभा चुनाव में सोमवार को मोहनलालगंज, निगोहां, नगराम गोसाईगंज में जमकर मतदान हुआ, सुबह सात बजे से शाम छःबजे तक युवा, बुजुर्ग, महिलाओ ने कड़ी धूप के बाद भी घरो से निकलकर मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मोहनलालगंज के कुढा, रायभानखेड़ा, तमोरिया गढा, सलेमपुर अचाका के मतदानकेन्द्रो में वोटरो की भारी भीड़ के चलते शाम सात बजे तक मतदान हुआ। मोहनलालगंज के नवजीवन इंटर कालेज, गौरा प्रथम मतदान समेसी, बहरौली के जवाहर इंटर कालेज, कनकहा, मस्तेमऊ मतदानकेन्द्रो के कुछ एक बूथो पर ईवीएम खराबी के चलते दस मिनट से लेकर आधे घंटे तक मतदान बाधित रहा, जिसके चलते वोटरो को दिक्कते भी हुयी. ईवीएम मशीने बदलने के बाद तेजी के साथ मतदान शुरू हो सका। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा, इण्डिया गठबंधन व बसपा समेत अन्य प्रत्याशियो का भाग्य मतदान की समाप्ति के बाद ईवीएम में कैद हो गया।मोहनलालगंज विधानसभा में छःबजे तक मतदान 66.30प्रतिशत मतदान हुआ। मोहनलालगंज, नगराम, निगोहां, गोसाईगंज में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।मंडलायुक्त रोशन जैकब ने मोहनलालगंज के नवजीवन इंटर कालेज व निगोहां के सत्यनारायण इंटर कालेज व गौरा प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर मतदान में कर्मचारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एडीएम (भू अध्याप्ति) धर्मेन्द्र सिंह व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर मतदानकेन्द्रो का निरीक्षण किया। डीसीपी दक्षिणी तेज सिहं, एडीसीपी शंशाक सिंह ने मोहनलालगंज, निगोहां, नगराम, गोसाईगंज, सुशान्त गोल्फसिटी थाना क्षेत्रो में भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदाता बने युवा मधुर विश्रम सिंह, सौम्या द्विवेदी, तृप्ति द्विवेदी निवासी मोहनलालगंज, आराधना तिवारी निवासी अतरौली, अदिति स्वरूप, वंश विजय निवासी मऊ, राखी मिश्रा अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।


जनवीणा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधा द्विवेदी द्वारा प्रिंट आर्ट आफसेट, 33 कैण्ट रोड, लखनऊ से मुद्रित तथा प्रथम तल, कैपिटल सिनेमा बिल्डिंग, विधानसभा मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001 उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक- सुधा द्विवेदी

कार्यकारी सम्पादक

डॉ. एस.के.गोपाल

प्रबंध सम्पादक

होमेन्द्र कुमार मिश्र

क्रिएटिव एडिटर

नैमिष सोनी

विशेष संवाददाता

सौरभ कुमार पाण्डेय

संवाददाता

जादूगर सुरेश कुमार

सम्पर्क : 9451532641, 8765919255

ईमेल :janveenanews@gmail.com

RNI No. UPHIN/2011/43668

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।